मां की बगिया से लेकर लाइब्रेरी और पक्की सड़कों से संवरेंगे शहडोल के गांव

शहडोल के गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी पहल

पीएम जनमन व आंगनवाड़ी भवनों का काम नवंबर तक पूरा करने का अल्टीमेटम





शहडोल। जिले के ग्रामीण अंचलों का कायाकल्प करने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर श्री पार्थ जायसवाल ने व्हीव्ही-जी रामजी योजना की समीक्षा बैठक के दौरान जिले की सभी जनपद पंचायतों के प्रत्येक क्लस्टर से एक-एक ग्राम पंचायत का चयन कर उसे मॉडल (आदर्श) ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि योजना के तहत गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ श्रमिकों की भागीदारी और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी की जाए।

मॉडल पंचायतों में दिखेगा कायाकल्प

कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चयनित आदर्श ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को मिशन मोड पर पूरा किया जाए। गांवों में पोषण और पर्यावरण सुधार के उद्देश्य से मां की बगिया अभियान के तहत जल्द फल देने वाले फलदार पौधों का व्यापक रोपण किया जाएगा। ग्रामीण छात्रों को बेहतर माहौल देने के लिए आवश्यकतानुसार स्कूलों में आधुनिक लाइब्रेरियों की स्थापना होगी। साथ ही, आवागमन को सुगम बनाने के लिए दो प्रमुख मार्गों को आपस में जोडऩे वाली संपर्क सडक़ों का निर्माण कराया जाएगा। सरकारी स्कूलों, शौचालयों, किचनों और छात्रावासों के मरम्मत कार्य विभिन्न विभागीय योजनाओं के समन्वय से पूरे किए जाएंगे ताकि बजट का बेहतर उपयोग हो सके।

जल सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के तीन मुख्य स्तंभों पर बनेगी योजना

बैठक में व्हीव्ही-जी रामजी योजना के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित तीन प्रमुख प्राथमिकताओं के आधार पर कार्ययोजना बनाने पर सहमति बनी। जल संरक्षण और संवर्धन के स्थायी ढांचों का निर्माण।पक्की सडक़ें, नालियां और सामुदायिक भवन। मौसमी व प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने वाले सुरक्षात्मक कार्य।

आंगनवाड़ी भवनों का काम नवंबर तक पूरा करने का अल्टीमेटम

बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने पंचायत विकास कार्यक्रम में चयनित कार्यों की समयबद्ध एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत जारी स्वीकृतियों और निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र भवनों के कार्यों को हर हाल में नवंबर 2026 तक पूर्ण करने की समय-सीमा तय की। इस महत्वपूर्ण बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास मुद्रिका सिंह, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री शिवम तिवारी, सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, एपीओ, उपयंत्री तथा समग्र स्वच्छता मिशन के जिला व जनपद समन्वयक उपस्थित रहे।

बैगा बस्तियों में शुद्ध पेयजल पहली प्राथमिकता

जिले के दूरस्थ और जनजातीय बहुल इलाकों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कलेक्टर ने बैगा बस्तियों में शत-प्रतिशत शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने नल-जल योजना के सुचारू संचालन के लिए हितग्राहियों से तय शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश भी दिए। पंचायतों की वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए कर संग्रहण का दायरा बढ़ाने और पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन प्रणाली से जोडऩे का निर्णय लिया गया है। संबल योजना के तहत नए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन बढ़ाने तथा अनुग्रह सहायता राशि के लंबित मामलों का त्वरित सत्यापन कर समय पर लाभ वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया।

खबर संक्षेप

जन-जातीय कार्य विभाग आयुक्त से मिले शिक्षक संघ के अध्यक्ष



शहडोल। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त तरूण राठी के शहडोल आगमन पर जिले के शिक्षकों की लंबित समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया है। संघ के जिलाध्यक्ष लालजी तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत शिक्षकों की तीन प्रमुख न्यायसंगत मांगों के शीघ्र निराकरण की अपील की है। अध्यक्ष लालजी तिवारी ने आयुक्त के समक्ष मांगें रखी हैं, पात्र शिक्षकों के लिए जल्द आदेश जारी किए जाएं ताकि जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षकों को इसका वित्तीय लाभ मिल सके। पदोन्नत प्राचार्यों (उच्चतर माध्यमिक व हाई स्कूल) एवं व्याख्याताओं को काउंसलिंग के माध्यम से तुरंत पदस्थ किया जाए, जिससे छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक अहित न हो। पिछले 38 वर्षों से एक ही पद पर कार्य कर रहे शिक्षक बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो रहे हैं। टेट परीक्षा की आड़ में पदोन्नति न रोकी जाए और जल्द डीपीसी कराई जाए। लालजी तिवारी ने स्पष्ट किया कि शिक्षक संघ सदैव 'छात्र हित, समाज हित, राष्ट्र हित और अंत में शिक्षक हित' के सिद्धांत पर कार्य करता है। आयुक्त से समय मिलने पर संगठन का प्रतिनिधिमंडल लिखित ज्ञापन भी सौंपेगा।

4 स्थाई वारंटियों समेत चेकतलाश का 1 आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

शहडोल। जिले में लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के कड़े निर्देशों के बाद, थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का खुलासा किया और दो आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के कड़े निर्देशों के बाद, थाना कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 5 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटों की तामीली के दौरान 14 अक्टूबर को लंबे समय से फरार चल रहे चार स्थाई वारंटियों संजीव कुमार वंशकार, राकेश वंशकार, रूपा वंशकार एवं लक्ष्मी वंशकार को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।वहीं 15 अक्टूबर को एनआई एक्ट (धारा 138) के तहत चेक बाउंस मामले में वारंटी आरोपी राजनारायण कोल उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 14, दुर्गा कॉलोनी, शहडोल को दबोचकर अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शिवकरण यादव, विजय सिंह, मनीष सिंह, राजीव कुमार तथा आरक्षक धीरज सिंह व रंजन राय की मुख्य भूमिका रही। पुलिस की इस तत्परता से कानून व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास मजबूत हुआ है।

बाल व मानव तस्करी के खिलाफ सडक़ों पर उतरे विश्वविद्यालय के छात्र



शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के समाज कार्य (एमएसडब्ल्यू) विभाग के विद्यार्थियों ने डीन प्रोफेसर नीलिमा खरे के कुशल दिशा-निर्देशन में मानव एवं बाल तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक कुप्रथा के विरोध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस विशेष पहल का मुख्य ध्येय समाज के हर वर्ग को जागरूक कर बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण निर्मित करना है।

कोतवाली से जुटाई जानकारी, बस्तियों में चलाया अभियान

जागरूकता अभियान के पहले चरण में विद्यार्थियों ने स्थानीय कोतवाली थाने का शैक्षणिक भ्रमण कर मानव तस्करी से जुड़े कानूनी पहलुओं और मामलों की व्यावहारिक जानकारी हासिल की। इसके उपरांत विजिटिंग फैकल्टी नितिन गर्ग और अर्पित दुबे के संयोजन में छात्रों की विभिन्न टीमों ने आम नागरिकों, अभिभावकों और बच्चों के बीच पहुंचकर चेतना सत्र आयोजित किए।

त्यौहारों के सीजन में अनजान लोगों की भीड़ से सावधान रहने की हिदायत- छात्रों ने जनसमुदाय को समझाते हुए कहा कि मानव तस्करी केवल दूसरे राज्यों में बच्चों को भेजना नहीं है, बल्कि अपने ही जिले या आसपास शोषण की मंशा से बच्चों को रोकना भी इसी श्रेणी में आता है। वर्तमान में जारी त्योहारों के समय को देखते हुए विशेष चेतावनी दी गई कि कन्या भोज या उत्सवों के दौरान बच्चियों को अकेला न छोड़ें। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर तस्कर सक्रिय हो जाते हैं।

कोतवाली पुलिस ने दो चोरियों का किया खुलासा

दो शातिर चोर गिरफ्तार, सोने-चांदी के आभूषण व नकदी बरामद



शहडोल। जिले में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने और चोरी की वारदातों पर लगाम कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के कड़े निर्देशों के बाद, थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का खुलासा किया और दो आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया।

मामला 1: घर से लाखों के आभूषण व नकदी उड़ाने वाला आदतन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस) के तहत अज्ञात चोर की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। 15 अक्टूबर 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आदि उर्फ आदर्श यादव उम्र 19 वर्ष, निवासी घरौला मोहल्ला, शहडोल को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। सघन पूछताछ में आरोपी ने चोरी की दोनों वारदातों को अंजाम देना कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने एक मामले में करीब 1,50,000 रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर एवं नकदी बरामद कर जप्त कर ली है। दूसरे प्रकरण में चोरी गए बाकी माल की बरामदगी के लिए कार्यवाही जारी है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

मामला 2: गल्ला दुकान से 70 हजार की चोरी का सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा

दूसरी घटना वार्ड क्रमांक 10 स्थित 'धीरज ट्रेडर्स' नामक गल्ले की दुकान की है। 3 अक्टूबर 2026 को फरियादी सूरज गुप्ता ने काउंटर की दराज से 70,300 रुपये चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने जब दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, तो आरोपी अंकित उपाध्याय उर्फ अइय्या उम्र 26 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती, शहडोल की करतूत उजागर हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा और वैधानिक कार्रवाई पूरी की।

इनकी रही भूमिका

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व व निर्देशन में उप निरीक्षक उपेंद्र त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक लालदास अहिरवार, प्रधान आरक्षक संजय सोनकर, लक्ष्मी पटेल, राजीव, मायाराम अहिरवार, गिरीश मिश्रा, सिद्धार्थ रैकवार एवं आरक्षक निर्मल मिश्रा की इस पूरी कार्रवाई में अहम भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।

पं. शंभूनाथ शुक्ला वि.वि. में गूंजे भक्ति के स्वर





नवलपुर परिसर में भजन संध्या और सीएसआर उपकरणों का हुआ भव्य लोकार्पण

शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के नवलपुर स्थित 'माता शबरी सभागार' में भक्ति, संस्कृति और आधुनिक शैक्षणिक विकास का एक अनोखा संगम देखने को मिला। विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में जहाँ एक ओर सुरमयी 'भजन संध्या' ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध किया, वहीं दूसरी ओर सीएसआर मद से प्राप्त आधुनिक शैक्षणिक उपकरणों का आधिकारिक लोकार्पण भी संपन्न हुआ। इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर जी रहे। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद पांडेय तथा कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी की विशेष उपस्थिति ने आयोजन की महत्ता को और बढ़ा दिया। सभागार में आयोजित भजन संध्या के माध्यम से उपस्थित विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को भारतीय आध्यात्मिक चेतना, समृद्ध संगीत परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों से जुडऩे का अवसर मिला। कुलगुरु प्रो. रामशंकर जी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में सांस्कृतिक संवर्धन और नैतिक मूल्यों का सिंचन भी करती है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को सीएसआर योजना के तहत मिले विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपकरणों का लोकार्पण किया गया। इन नए उपकरणों के आने से विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम के सफल संयोजन में संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद शर्मा, प्रो. गीता सराफ, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. उमा सिंह, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. रचना दुबे, डॉ. वंदना राम, डॉ. मौसमी कर, डॉ. बृजेंद्र पांडेय, डॉ. रुचि सिंह, डॉ. शरद वरवे, डॉ. योगिता बसने सहित समस्त अतिथि विद्वानों और विद्यार्थियों की सराहनीय उपस्थिति रही।

खनिज मद के काम नवंबर तक निपटाएं वरना रद्द होंगी स्वीकृतियां

कलेक्टर की सख्त हिदायत, शहडोल नपा के 19 कार्यों का होगा सत्यापन



शहडोल। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के तहत मंजूर निर्माण कार्यों में ढिलाई बरतने वाले अफसरों और ठेकेदारों पर अब कड़ी गाज गिरने वाली है। कलेक्ट्रेट के विराट सभागार में खनिज मद की समीक्षा बैठक लेते हुए नवागत कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने दो-टूक कहा कि वर्ष 2021 से लेकर 2023-24 तक के जितने भी अधूरे काम हैं, उन्हें आगामी नवंबर माह तक हर हाल में पूरा कराया जाए। यदि तय समय-सीमा में काम पूरा नहीं हुआ, तो उनकी स्वीकृतियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी जाएंगी।

नए निर्माण कार्यों पर रोक, पहले अधूरे काम पूरे करने के आदेश

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकायों तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित परियोजनाओं का कार्य जल्द पूरा कर कार्य-पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। जब तक विभाग पुराने मंजूर कार्यों को पूरा नहीं करेंगे, तब तक किसी भी नए निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी। लोक निर्माण विभाग को जैतपुर तहसील भवन के जीर्णोद्धार व मरम्मत का काम तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट परिसर के कायाकल्प व मरम्मत हेतु 30 अक्टूबर तक वर्क ऑर्डर जारी करने का आदेश दिया गया है।

शहडोल नगर पालिका के 19 कार्यों की होगी स्थलीय जांच

शहडोल नगर पालिका द्वारा खनिज मद से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं में से 19 काम पूरे कर लिए गए हैं। इस पर कलेक्टर ने निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष दल गठित कर इन सभी 19 पूर्ण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। यदि जांच में कोई कमी या गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधितों से राशि की वसूली की जाएगी। साथ ही शहर की सफाई व आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए स्वीपिंग मशीन और गौ-एंबुलेंस क्रय करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया।

स्वास्थ्य और जनजातीय कार्य विभाग की भी होगी जांच

स्वास्थ्य महकमे की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने हिदायत दी कि शासकीय लैब की जांच रिपोर्ट ही मान्य होगी, निजी प्रयोगशालाओं पर निर्भरता खत्म की जाए। जनजातीय कार्य विभाग तथा विभिन्न जनपद पंचायतों व निकायों के अधूरे कामों की भी उच्चस्तरीय जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग सहित तमाम विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

शहडोल में दिखा अनूठा सांस्कृतिक वैभव, 11 राज्यों की वेशभूषा में सजीं महिलाएं



शहडोल। क्षत्राणी मातृशक्ति संगठन शहडोल द्वारा स्थानीय स्तर पर 'भारत के रंग क्षत्राणियों के संग' शीर्षक से एक भव्य और अत्यंत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन में संगठन की महिलाओं ने देश के 11 विभिन्न राज्यों—मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, कश्मीर, महाराष्ट्र, केरल, हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और गुजरात की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर अपनी अनूठी संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया। रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक लोक नृत्यों ने इस शाम को यादगार बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन की संरक्षक श्रीमती उमा सिंह, अध्यक्ष श्रीमती अरुणिमा सिंह और सचिव श्रीमती नलिनी सिंह ने मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति को दर्शाती मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। विशेष रूप से, शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित सामूहिक डांडिया नृत्य ने इस आयोजन में चार चांद लगा दिए।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विभिन्न राज्यों की अनूठी परंपराओं और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रदर्शित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित सरोज सिंह, सविता सिंह, मुक्ता सिंह, अनुरानी सिंह, संध्या सिंह, आराधना सिंह, मीना सिंह, किरण सिंह चंदेल, मधु सिंह, प्रीति सिंह, मधुबाला सिंह, सीमा सिंह, निधि सिंह, निशा सिंह, अर्चना सिंह, ज्योति सिंह, रश्मि सिंह, शैलजा सिंह, कात्यायनी सिंह, विभा सिंह, सुनीता सिंह, रेनू सिंह, किटी सिंह, अर्चिता सिंह, पुष्पा सिंह, श्रद्धा सिंह, नम्रता सिंह, प्रियंका सिंह, अनामिका सिंह, मनोरमा सिंह, रीतिज्ञा सिंह, रोशनी सिंह, भारती सिंह, वैशाली सिंह, संगीता सिंह, श्रुति सिंह, अंजलि सिंह और शिखा सिंह सहित सैकड़ों महिलाओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। शहडोल की क्षत्राणियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और सामूहिक सहयोग से यह संदेश दिया कि भारतीय संस्कृति की विविधता ही इस देश की सबसे बड़ी ताकत है।

सौहार्द्र और सुरक्षा के साथ मनाएं दशहरा व दीपावली जिला शांति समिति की बैठक में कलेक्टर व एसपी ने दिए कड़े निर्देश

शहडोल। जिले में आगामी पावन पर्व विजयादशमी (दशहरा) एवं दीपावली को पूरी शांति, सुरक्षा और सामाजिक समरसता के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर पार्थ जायसवाल की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था और जन-सुविधाओं को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने दुर्गा उत्सव समितियों और आम नागरिकों से अपील की कि नवरात्रि के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) का उपयोग शासन द्वारा निर्धारित डेसीबल सीमा और समय-सीमा के भीतर ही करें, ताकि आम जनता व छात्रों को असुविधा न हो। दुर्गा पंडालों में शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए राजस्व, विद्युत विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम को विद्युत कनेक्शनों का नियमित निरीक्षण करने का जिम्मा सौंपा गया है। अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रतिमा विसर्जन केवल पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही होगा। विसर्जन घाटों पर पर्याप्त प्रकाश, तैराकों (गोताखोरों) की तैनाती, मजबूत बैरिकेडिंग और कंट्रोल रूम की व्यवस्था समय रहते पूरी की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में विसर्जन की कमान सरपंच व सचिव की निगरानी टीम के पास रहेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि विजयादशमी के पावन अवसर पर परंपरागत रूप से शहर के पॉलीटेक्निक ग्राउंड में रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर पालिका को यहां सफाई, प्रकाश व सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दीपावली पर्व को देखते हुए पटाखा दुकानों को आबादी वाले इलाकों से दूर कतारबद्ध तरीके से लगाने और दो दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। दुकानों के पास फायर ब्रिगेड, अग्निशामक यंत्र और सुरक्षित विद्युत वायरिंग अनिवार्य होगी। साथ ही प्रतिबंधित व अत्यधिक तीव्र आवाज वाले पटाखों की बिक्री पर पैनी नजर रखी जाएगी।



पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल ने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों के उल्लास के बीच सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, अफवाह फैलाने वाली या असामाजिक पोस्ट शेयर न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, घटना या दुर्घटना की जानकारी तुरंत निकटतम थाने या कंट्रोल रूम को दें। कलेक्टर एवं एसपी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग सहित शांति समिति के गणमान्य सदस्य शान उल्ला खान, डॉ. परमानंद तिवारी, व्यापारी संघ अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता, रविंदर सिंह गिल, अनुज मिश्रा, शिवेंद्र मिश्रा एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान टेंट कर्मचारी की मौत



मानपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ग्राम गुरुवाही में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान बुधवार को एक दुखद घटना सामने आई। कार्यक्रम स्थल पर टेंट लगाने का कार्य कर रहे अनिल पटेल उम्र 45 वर्ष पिता बाबूलाल पटेल निवासी जबलपुर की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतक को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया। पुलिस के अनुसार मामले में जांच जारी है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन बकेली में आज

उमरिया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 8 जनवरी 2027 तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह व्दारा ग्रामीण अंचलों का 16 अक्टूबर को भ्रमण किया जाएगा। पाली विकासखंड अंतर्गत बकेली क्षेत्र के अधीनस्थ विभागीय कार्यालयों, छात्रावास, विद्यालय , अस्पताल, उचित मूल्य दुकान एवं अन्य संस्थाओं का निरीक्षण होगा तथा तदुपरांत दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक बकेली में आयोजित जन संवाद स्थल में विभागीय अधिकारी उपस्थित होकर अपने अपने विभाग के किए गए निरीक्षण की विस्तृत जानकारी से अवगत कराएंगे तथा शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। उल्लेखनीय है कि सेमरिहा, सलैया-01,मेढक्की, बड़वाही, ओढ़री, भौतरा, कठई, चौरी, बरदढार, खिचकिड़ी तथा बकेली का भ्रमण किया जाएगा।

जय माता रानी के जयकारों से गूंज उठा कोतमा नगर



कोतमा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर कोतमा नगर में चारों ओर मां दुर्गा की भक्ति और आस्था की अद्भुत छटा देखने को मिल रही है। नगर के विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पूजा पंडालों में गूंजते जय माता रानी और जय माता दी के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा है। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही से नगर का वातावरण धर्ममय बना हुआ है। कोतमा नगर के गांधी चौक, पुराना हॉस्पिटल रोड, स्टेट बैंक चौक, बस स्टैंड, बेरियल शारदा मंदिर टॉकीज रोड सहित वीडियो मोड़ में व विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आकर्षक साज-सज्जा और भव्य पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु परिवार सहित पहुंच रहे हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि को लेकर नगर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में विशेष तैयारियां की गई हैं। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं भक्तों का मन मोह रही हैं। शाम होते ही पंडालों की रौनक देखते ही बनती है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। कई स्थानों पर भक्ति गीतों और धार्मिक आयोजनों से वातावरण में उत्साह का संचार हो रहा है। नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और शक्ति की उपासना का प्रतीक है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। कोतमा नगर में भी श्रद्धालुओं के बीच पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी श्रद्धा के साथ मां के दरबार में पहुंच रहे हैं। नगर के दुर्गा पूजा पंडालों में गूंजते जयकारे भक्तों में नई ऊर्जा और उत्साह भर रहे हैं। मां के दर्शन के साथ श्रद्धालु अपने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं। नवरात्रि का पर्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव का भी संदेश देता है। दुर्गा पूजा समितियों एवं श्रद्धालुओं के सामूहिक प्रयासों से नगर में उत्सव का माहौल बना हुआ है। यह पर्व लोगों को आपसी प्रेम, सहयोग और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आज शारदा मंदिर टॉकीज रोड में नवरात्रि के पंचम दिवस में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे में महाप्रसाद का वितरण किया गया।

दीपावली पर उमरिया में आतिशबाजी बिक्री के लिए स्थल निर्धारित

सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

उमरिया। जिले में रोशनी के पावन पर्व दीपावली को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। आगामी त्योहार के मद्देनजर कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले भर में अस्थायी आतिशबाजी और पटाखा दुकानों के संचालन, स्थलों के निर्धारण और सुरक्षा के कड़े मानकों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा नियमों से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए चिन्हित किए गए विक्रय स्थल

प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले के विभिन्न शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए खुले मैदानों व सुरक्षित स्थलों का चयन कर लिया गया है।

जिला मुख्यालय एवं आस-पासः छटन कैंप, कृष्ण ताल, तथा करकेली तहसील के अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने का मैदान। ग्रामीण व शहरी निकाय क्षेत्रः ग्राम घुलघुली में मुख्य बाजार, रहठा में कठौतिया मार्ग, नगर परिषद चंदिया में स्टेडियम के सामने, ग्राम कौडिय़ा, बिलासपुर तहसील में मुख्य मार्ग स्थित तालाब की मेढ़ पर, ग्राम अखड़ार में ओबरा विद्यालय प्रांगण, हर्रवाह एवं निगहरी, पाली तहसील में सगरा तालाब की मेढ़, मलियागुड़ा, चौरी व घुनघुटी। नौरोजाबाद व मानपुर क्षेत्रः नौरोजाबाद तहसील अंतर्गत देवगवां कला एसईसीएल कालरी मैदान, कुर्रिहा, मानपुर का खेल मैदान तथा ग्रामीण क्षेत्र चिल्हारी, इंदवार और अमरपुर में स्थल तय किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि केवल इन्हीं चिन्हित स्थलों पर ही पूरी सुरक्षा के साथ अज्वलनशील सामग्री से बने शेड में दुकानें लगाई जाएंगी।

सुरक्षा के कड़े मानक और बिजली व्यवस्था के निर्देश

बैठक में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। निर्देश दिये गये कि दो दुकानों के बीच न्यूनतम 5 मीटर की सुरक्षित दूरी रखी जानी अनिवार्य होगी। सुरक्षा दायरे के भीतर दुकानों में रोशनी के लिए किसी भी प्रकार के तेल लैंप या खुली बिजली बत्तियों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि बिजली लाइन का उपयोग किया जाता है, तो तारों को दीवार या छत पर दृढ़ता से कसना होगा। एक पंक्ति की सभी दुकानों के लिए एक मास्टर स्विच लगाया जाएगा, जिसमें शॉर्ट सर्किट होने पर विद्युत प्रवाह स्वतः बंद होने के लिए फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए। हर दुकान व स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से बालू (रेत) और पानी का पर्याप्त भंडारण रखा जाए। साथ ही, स्थलों पर मय चालक पर्याप्त संख्या में फायर ब्रिगेड चालू हालत में तैनात रखी जाए। पटाखा विक्रय स्थल के पास बाइक या अन्य वाहनों की पार्किंग नहीं होगी। किसी भी दुकान या अनुज्ञप्ति परिसर की 50 मीटर की परिधि में आतिशबाजी का प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

लाइसेंसधारी ही बेच सकेंगे पटाखे

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिस व्यक्ति के नाम से पटाखा विक्रय का लाइसेंस जारी किया जाएगा, केवल वही व्यक्ति दुकान का संचालन करेगा। लाइसेंस को दुकान पर प्रमुखता से चस्पा करना अनिवार्य होगा। अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 अक्टूबर तक एमपी ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं। चयनित स्थलों पर अस्थाई रूप से पटाखे 6 नवंबर से 20 नवंबर तक ही विक्रय किए जा सकेंगे। विक्रय अवधि समाप्त होने के बाद बचे हुए पटाखों के भंडारण की सूचना तत्काल जिला दंडाधिकारी कार्यालय को देनी होगी और उनका भंडारण आबादी क्षेत्र से बाहर किसी सुरक्षित स्थान पर सुनिश्चित किया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की दो-टूक चेतावनी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा ने बैठक में कहा कि दीपावली पर्व के दौरान चयनित स्थल घनी बस्तियों या पेट्रोल पंपों के पास बिल्कुल नहीं होने चाहिए। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध रूप से पटाखों की बिक्री पर पैनी नजर रखी जाए। यदि कोई बिना लाइसेंस के पटाखे बेचते पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से इन स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन कराएं। साथ ही, जिले के सभी चिकित्सालयों को आपातकालीन व्यवस्थाओं के साथ पूरी तरह तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इनकी रही मौजूदगी

बैठक में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कसली, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव, प्रिया अग्रवाल सहित समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। प्रशासन ने आम नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन कर सुरक्षित और हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर्व मनाएं।

मुख्यमंत्री से मिलकर जन समस्याएं उठाना चाहते थे रवि सेन

मांगपत्र की एक मांग पूरी होने पर सिविल अस्पताल की घोषणा का स्वागत

मानपुर। मानपुर में सिविल अस्पताल बनाए जाने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा का कांग्रेस कार्यकर्ता रवि सेन ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर उन्होंने मांगपत्र तैयार कर कलेक्टर उमरिया को सौंपा था। इसी मांगपत्र में मानपुर में सिविल अस्पताल बनाए जाने की मांग भी शामिल थी, जिसे स्वीकार किया जाना क्षेत्र के लिए सकारात्मक कदम है।

रवि सेन ने बताया कि 14 अक्टूबर को ग्राम पंचायत गुरवाही में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मानपुर के अध्यक्ष उमाशंकर पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्याएं रखना और मांगपत्र सौंपना चाहते थे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। उनके अनुसार, उन्हें और उनके साथियों को पुलिस थाना मानपुर ले गई



तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल से रवाना होने के बाद शाम करीब 4:10 बजे छोड़ा गया। उन्होंने कहा कि मांगपत्र में केवल सिविल अस्पताल ही नहीं, बल्कि हलफल-भदार नदी पर पुल निर्माण, वन्यप्राणियों द्वारा फसलों को पहुंचाए जाने वाले नुकसान का उचित मुआवजा, अवैध रेत उत्खनन पर रोक तथा नगर परिषद मानपुर के अंतर्गत ग्राम हंचौरा, गोवदे, सेमरी और सेमरा में बुनियादी सुविधाओं में सुधार जैसी महत्वपूर्ण मांगें भी शामिल थीं। रवि सेन ने कहा कि सिविल अस्पताल की मांग पूरी होने का स्वागत है, लेकिन क्षेत्र की बाकी समस्याओं का समाधान भी जरूरी है। हलफल-भदार नदी पर पुल बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं, वन्यप्राणियों से फसलों को नुकसान उठाने वाले किसानों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने अवैध रेत उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने तथा नगर परिषद क्षेत्र की सडक़ों, नालियों, पेयजल, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था में सुधार की भी मांग की। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने का उद्देश्य किसी प्रकार की राजनीति करना नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं से सरकार को अवगत कराकर उनका समाधान कराना था। मांगपत्र की एक प्रमुख मांग पूरी होने पर वे मुख्यमंत्री एवं विधायक का आभार व्यक्त करते हैं और उम्मीद करते हैं कि शेष मांगों पर भी जिला प्रशासन संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री तक जल्द ही हमारा मांग पत्र पहुंचाने में सकारात्मक कार्रवाई करेगा। रवि सेन ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में वे जनता के हितों से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाते रहेंगे और क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

दुर्घटना संभावित स्थल में संकेतक लगाया जाना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

क्षतिग्रस्त सडक़ों के सुधार का कार्य रखें जारी

उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि खराब सडको के सुधार के कार्य लगातार जारी रखें। दुर्घटना संभावित स्थलों में संकेतक लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कहीं से भी पहुंच मार्ग खराब होने की शिकायतें न प्राप्त हो तथा खराब सडक़ों के कारण दुर्घटना की संभावना न बनें। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, एमपीआरडीसी तथा एन एच ए आई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्राधिकार की सभी सडक़े दुरूस्त रखी जाए । गति सीमा निर्धारण के बोर्ड लगाएं तथा गत सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें । उन्होंने शहडोल मार्ग में आरओबी के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को गति दें । कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रों मे निर्मित



फुटपाथ पर दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि फुटपाथ पर लोग पैदल चल सके। उन्होंने शहरी क्षेत्र की सडक़ के किनारे की नालियों को खुली न रहने के निर्देश दिए तथा सडक के किनारे आवागमन को बाधित करने वाले ठेलों व अन्य पथ विक्रेताओं को निश्चित स्थान पर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सडक़ में मवेशियों के कारण दुर्घटना की संभावना रहती है । अतः इन्हें हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं तथा उनके गले मे रिफलेक्टर लगाने की कार्यवाही करे। बैठक में , अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज उपस्थित रहे तथा अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुडे।



सेवा संकल्प अभियान..... गांव-गांव पहुंचकर युवाओं को खेल सामग्री बांट रहे डॉ. मदन त्रिपाठी

कोतमा विधानसभा की 68 ग्राम पंचायतों और 208 बूथों तक खेल गतिविधियां पहुंचाने का लक्ष्य

कोतमा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत कोतमा विधानसभा क्षेत्र में युवाओं को खेलों से जोड़ने की पहल की जा रही है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. मदन त्रिपाठी (मुन्ना भैया) गांव-गांव पहुंचकर युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट बैट, फुटबॉल, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों की सामग्री वितरित कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। भाजपा संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, जिला प्रभारी संजय साहू और भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कोतमा विधानसभा क्षेत्र की सभी 68 ग्राम पंचायतों और 208 मतदान केंद्रों तक खेल गतिविधियों का विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि ग्रामीण अंचलों के युवाओं को भी खेल के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो सकें। डॉ. मदन त्रिपाठी द्वारा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की यह पहल पिछले पांच वर्षों से निरंतर जारी है। वर्ष 2021-22 में कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 103 क्रीड़ा केंद्रों का गठन कर खिलाड़ियों को क्रिकेट किट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन किट सहित विभिन्न खेल सामग्रियां उपलब्ध कराई गई थीं। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को मजबूत करने और स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देने का प्रयास किया जा रहा है।

वर्तमान अभियान के तहत ग्राम पोड़ी, फुलकोना, सेमरा, बेलिया छोटे, कोरजा और लोहसरा सहित विभिन्न गांवों में युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट बैट के जोड़े, फुटबॉल, वॉलीबॉल और अन्य खेल सामग्री प्रदान की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संसाधन उपलब्ध होने से युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने और अपनी रुचि के अनुसार अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. मदन त्रिपाठी का कहना है कि युवा देश का भविष्य हैं और उनकी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग समाज तथा राष्ट्र के विकास के लिए जरूरी है। युवाओं को नशे से दूर रखकर खेल और शिक्षा के प्रति प्रेरित करना समय की आवश्यकता है। खेलों से जुड़ने पर अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है। इसी सोच के साथ गांव-गांव पहुंचकर खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि ग्रामीण युवा अपनी प्रतिभा को पहचान सकें और आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त कर सकें। खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ क्षेत्र में सम्मान की परंपरा को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ भाजपा नेताओं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों, अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को सम्मानित किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न समाजों के समाजसेवियों और समाज प्रमुखों का भी गांव-गांव पहुंचकर सम्मान करने की पहल की जा रही है। सेवा, खेल और सम्मान को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को प्रोत्साहित करने, खेल संस्कृति को मजबूत बनाने और समाज में सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

पसान उपाध्यक्ष पर टेंट संचालक ने लगाए टेंडर के पैसे न देने के आरोप

भालूमाड़ा थाने सहित एसपी कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची शिकायत

मामला पसान में आजाद के टेंडर पर अजय द्वारा काम कराकर भुगतान से इंकार का?

बदरा/जमुना। एक तरफ पसान नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। वार्ड नम्बर 11 में निर्माणाधीन मंगल भवन को उपाध्यक्ष अजय यादव द्वारा एसईसीएल की जमीन पर बिना अनुमति के निर्माण होने के आरोप लगाकर नगरीय प्रशासन विभाग एवं एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र में शिकायत कर निर्माणाधीन मंगल भवन के कार्य को रुकवा दिए हैं। जिससे नाराज होकर समस्त 16 पार्षद परिषद में निंदा प्रस्ताव लाने के बाद अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही हेतु कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर को ज्ञापन सौंप चुके हैं। एक तरफ जहां पसान नगर पालिका के अध्यक्ष राम अवध सिंह मीडिया के सामने अपनी बात रखकर एसईसीएल की लीज समाप्त होने एवं अनुपयोगी भूमि पर मंगल भवन निर्माण हेतु जिला प्रशासन एवं कालरी प्रबंधन की सहमति पर जनहित हेतु मंगल भवन का निर्माण बता रहे हैं। जिसकी खबरें लगातार मीडिया प्रकाशित कर रही है। वहीं उपाध्यक्ष अजय यादव मीडिया वालों को सच्चाई न दिखाकर एकतरफा खबर चलाकर उनकी छवि बिगाड़ने की बात सोशल मीडिया में स्वयं एवं परिजनों के सोशल मीडिया एकाउंट द्वारा लिखवाकर पत्रकारों को एक तरफा खबर चलाने उनका पक्ष न छापने के आरोप लगा रहे हैं। सबसे बड़ी बात पसान नगर पालिका के उपाध्यक्ष अजय यादव जहां पसान नगर पालिका में स्वयं या अपने किसी भी रिश्तेदार के नाम से कोई भी निर्माण कार्य न करने व समस्त पार्षदों व अध्यक्ष राम अवध सिंह द्वारा लगाए आरोपों को सिरे से नकार कर पूरी पसान नगर पालिका परिषद के 17 पार्षदों द्वारा प्रस्तुत निंदा प्रस्ताव व कलेक्टर को सौंपे गए अविश्वास प्रस्ताव को ही गलत बता रहे हैं। इसी बीच उपाध्यक्ष अजय यादव के इन दलीलों को सिरे खारिज करते हुए। जमुना निवासी टेंट संचालक ने अजय यादव



द्वारा उनके चचेरे भाई आजाद यादव के नाम से टेंडर डालकर टेंट का कार्य कराने के बाद अजय यादव द्वारा उनके चचेरे भाई के खाते में भुगतान होने के बाद भी टेंट संचालक को 4 लाख 30 हजार भुगतान न करने एवं जमा एफडीआर की रकम 20 हजार भी देने से मना करने के आरोप मीडिया के सामने टेंट संचालक ने लगाए है। उक्त मामले को लेकर भालूमाड़ा थाना सहित पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं कलेक्टर अनूपपुर से लिखित शिकायत दी गई है।

क्या है मामला।

जमुना निवासी रवि कुमार रैदास जो रवि टेंट हाउस के संचालक हैं। उन्होंने भालूमाड़ा थाने सहित पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर कार्यालय में लिखित शिकायत देते हुए पसान नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष अजय यादव पर यह आरोप लगाए हैं कि उन्होंने अपने चचेरे भाई आजाद यादव के नाम से जुलाई 25 से मार्च 26 तक टेंडर डलवाकर रवि टेंट हाउस संचालक से नगर पालिका में टेंट का 11 काम करवाने के बाद बिल के भुगतान की रकम आजाद यादव के खाते में भुगतान होने के बावजूद अजय यादव टेंट संचालक को मात्र 4 कार्यों का बिल भुगतान करने के बाद शेष 7 कार्यों का पैसा लगभग 4 लाख से अधिक की रकम नहीं दे रहे हैं। टेंट संचालक द्वारा बीते 5 माह से लगातार पैसा मांगने पर उपाध्यक्ष अजय यादव पैसा देने में आनाकानी कर पैसा मांगने पर अपशब्दों का प्रयोग कर जो करते बने कर ले पैसा नहीं दूंगा कि धमकी देने के आरोप लगाये हैं। टेंट संचालक ने पुलिस को सौंपे गए शिकायत पत्र में यह बात भी लिखी है कि वो 2 अक्टूबर को अपनी मां को साथ लेकर पूर्व मंत्री व वर्तमान अनूपपुर विधायक बिसाहुलाल सिंह से भी उपाध्यक्ष अजय यादव द्वारा टेंट का काम कराकर पैसा न देने की बात बताई थी। जिसपर बिसाहुलाल सिंह ने अजय यादव से बातकर पैसा वापस दिलाने की बात कही थी।

क्या वाकई आजाद के नाम पर अजय करते हैं ठेकेदारी के काम?

टेंट संचालक रवि रैदास की शिकायत से एक बात तो स्पष्ट है कि अजय यादव द्वारा पसान नगर पालिका में स्वयं या अपने रिश्तेदारों द्वारा कोई भी काम न करने की बात पूर्णतया झूठी है। यह आरोप कितने सच है या कितने झूठ यह तो टेंट संचालक, पसान नगर पालिका के उपाध्यक्ष अजय यादव, टेंडर धारी आजाद यादव एवं पूर्व मंत्री व वर्तमान अनूपपुर विधायक बिसाहुलाल सिंह ही जाने। मगर यदि यह आरोप सत्य निकले तो उपाध्यक्ष जनता को क्या जवाब दे पाएंगे कि उन्होंने कभी पसान नगर पालिका में स्वयं या अपने किसी भी रिश्तेदार के नाम से कोई ठेकेदारी का काम किए ही नहीं हैं। तो टेंट संचालक द्वारा लगाए गए आरोप क्या झूठे हैं।

इनका कहना है।

मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। जांच के लिए दिया गया है। जांच उपरांत यदि शिकायत प्रमाणित पाई गई तो कार्यवाही की जाएगी।

राधिका भगत
थाना प्रभारी,भालूमाड़ा

खबर संक्षेप



आम आदमी पार्टी की जिला अध्यक्ष का व्यवहारी द्वारा कार्यक्रम संपन्न

ब्यौहारी। नगर परिषद के अंतर्गत विश्राम गृह व्यवहारी में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजभान पांडे का कार्यकर्ताओं द्वारा योगदान स्वागत किया गया उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा स्वास्थ्य के लिए काम करती है भाजपा जैसे दिखावा नहीं करती कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया कार्यक्रम के तहत जिला अध्यक्ष द्वारा पत्रकारों का सम्मान एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत किया उन्होंने कहा कि गांव का जो कार्यकर्ता हमारे साथ खड़ा है वह स्वागत योग्य है उन्होंने कहा पार्टी नगरी निकाय का चुनाव शहडोल जिले के सभी निकायों में लड़ेगी गांव गांव में कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भूपेंद्र श्रीवास्तव, राजा साकेत, अनिल समदरिया, कुशल सोनी, पवन वैश्य, राजेश पटेल महेंद्र पांडे ग्राम खारीछोह,महदेवा , र, मुकेश प्रसाद तिवारी , राजमणि साकेत, इंद्रपाल मिश्रा,पवन कुमार बैश्य, लल्ला सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे1

पंचायती मंदिर के पास विराजी मां काली



ब्यौहारी। नगर परिषद के अंतर्गत पंचायती मंदिर नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा नवरात्रि में माता काली की स्थापना की गई है यहां की व्यवस्था देख रहे शिवकुमार गुप्ता एवं केदार गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक नवरात्रि में माता काली की प्रतिमा की स्थापना करते हैं एवं सभी मोहल्लेवासी भक्ति भाव से माता काली की सेवा में लीन रहते हैं नवमी के दिन भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद लेने आते हैं।

श्रीमती उर्मिला सिंह का निधन



बुढ़ार। कॉलेज कॉलोनी निवासी विजय सिंह एवं सुनील सिंह सेंगर की माताजी श्रीमती उर्मिला सिंह का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों, परिचितों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर है। उनकी अंतिम शवयात्रा शुक्रवार 16 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे कॉलेज कॉलोनी स्थित निज निवास से शांति वन, बुढ़ार के लिए रवाना होगी।

पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

उमरियापान। ढीमरखेड़ा की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खंदवारा द्वारा सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत शासकीय हाईस्कूल खंदवारा परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों ने 60 फलदार पौधे रोपकर उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। एमएसडब्ल्यू के छात्र राहुल शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ ही लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना और रोपे गए पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना रहा। इस दौरान समिति अध्यक्ष आशीष बर्मन, सचिव चमन कुमार, चंद्रप्रकाश झारिया, अमन सिंह, नितेश सिंह, सोमनाथ शुक्ला, हरिओम सिंह, सुरजीत, आदर्श, शिवम, विद्यालय के शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मां वीरासन देवी मंदिर में हुई शांति समिति की बैठक

सिलौंडी। मां वीरासन परिसर में तहसीलदार नितिन पटेल,चौकी प्रभारी अनिल पांडे ने नेतृत्व में मां वीरासन देवी प्रबंधन समिती के ओमकार सोनी , सचिव राम चंद्र यादव , प्रधान पुजारी सौरभ दुबे,मंडल उपाध्यक्ष सोनू दुबे , हरि ओम तिवारी की मौजूदगी बैठक हुई ।जिसमें मां वीरासन में सुरक्षा व्यवस्था, विसर्जन स्थल आदि विषय पर चर्चा हुई। मां वीरासन देवी के सामने वाले तालाब में ही उचारे और मां महाकाली की प्रतिमा विसर्जित करने पर चर्चा हुई ।

आरओ प्लांट किया गया सील

गाड़ासरई





डिंडोरी जिले के गाड़ासरई में श्री राम आरओ प्लान्ट सील कर दिया गया । जानकारी के अनुसार गाड़ासरई आरओ प्लांट की लगातार शिकायत अधिकारियों से की जा रही थी जिस पर आरओ संचालक को विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया जिसका आरओ संचालक द्वारा कोई जवाब पेश नही किया गया । गुरुवार को कार्यवाही करते हुए एसडीएम बजाग के आदेश अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बजाग राजबहादुर सिंग गाड़ासरई पटवारी वसीम क़ुरैशी , पटवारी आकाश पटेल एवं गाड़ासरई पुलिस द्वारा आरओ प्लांट की जांच की गई जिसमे आरओ के संचालक टेकलाल नंदेहा द्वारा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नही करा सके जिस कारण आरओ प्लांट को सील कर दिया गया है।

जिले में चार चरणों में होंगे सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम कटनी, समस्त जनपद पंचायतों तथा संबंधित नगर परिषदों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री अनुराग मोदी ने बताया कि सामूहिक विवाह आयोजनों के लिए निर्धारित तिथियों के अनुरूप आवेदन प्राप्त करने, पात्रता संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन द्वारा निर्धारित तिथियों एवं जिला प्रशासन के निर्णय के अनुसार जिले में सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन चरणबद्ध रूप से किया जाएगा। अक्षय तृतीया के अवसर पर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा में सामूहिक विवाह आयोजन संपन्न हो चुके हैं। आगामी कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार, 20 नवंबर 2026 को देवउठनी ग्यारस के अवसर पर नगर निगम कटनी, जनपद पंचायत बहोरीबंद एवं नगर परिषद बरही में आयोजन होंगे। जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित शनिवार, 12 दिसंबर 2026 को जनपद पंचायत कटनी एवं ढीमरखेड़ा तथा नगर परिषद कैमोर एवं विजयराघवगढ़ में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद गुरुवार, 11 फरवरी 2027 को बसंत पंचमी के अवसर पर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, रीठी एवं बड़वारा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न होंगे। उपसंचालक श्री मोदी ने बताया कि आगामी आयोजनों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथियां (सामूहिक विवाह की तिथियां के अनुक्रम में) क्रमशः 5 नवंबर 2026, 28 नवंबर 2026 एवं 28 जनवरी 2027 निर्धारित की गई हैं।

भू अधिकार पत्रों के पंजीयन कार्य को गति दें - कलेक्टर



उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने स्वामित्व योजना से पात्र हितग्राहियो के भू अधिकार पत्रों के पंजीयन कार्य को गति देने के निर्देश दिए है। राजस्व अधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप पंजीयन की कार्यवाही पूरी करें । इस योजना से गरीब भूमि हीनों और स्वामित्व योजना से लाभ पाने वाले व्यक्तियों का भला होगा । उन्होंने कहा कि भू राजस्व संहिता के प्रावधानों के अनुसार समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित की जाए। आगामी सात दिनों में राजस्व विभाग के मैदानी अमले के अधिकारी व कर्मचारी तत्परता से भू अभिलेखों के पंजीयन कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं । उन्होने कहा कि अवकाश दिवसों में बाहर रहने वाले हितग्राही भी अपने निवास स्थान में आसानी से उपल्ब्ध हो सकेगे ।अतः उनकी पहचान करते हुए पंजीयन कार्य किया जाना सुनिश्चित करें । उन्होंने लागिन के लिए शासन के दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर वरिष्ठ कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। बैठक में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कसली, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले , डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव, प्रिया अग्रवाल सहित तहसीलदार , नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

अनियंत्रित कार पलटी: बाइक चालक को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, एक युवक का पैर टूटा



बुढ़ार। नेशनल हाईवे मार्ग शहडोल रोड पर गुरुवार की दोपहर लगभग 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अनूपपुर से शहडोल इलाज कराने जा रहे लोगों से भरी एक अनियंत्रित कार दुर्घटना का शिकार हो गई। इस भीषण हादसे में कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार एक युवक का पैर टूट गया है और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे चारों खाने चित खड़ी हो गई।

बाइकर को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्विफ्ट डिजायर कार (क्रमांक MP 65 2780) में चालक बालेंद्र सिंह और जीवन लाल राठौर सवार होकर अनूपपुर से शहडोल की ओर इलाज के लिए जा रहे थे। रास्ते में अचानक एक बाइक चालक सामने आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

पुलिस मौके पर मुस्तैद

सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो मजार के समीप तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए दुर्घटना के कारणों की बारीकी से छानबीन शुरू कर दी है। घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर महासभा ने सौंपा 9 सूत्रीय ज्ञापन

हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील

नया कानून और नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग



मानपुर। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की बहाली की मांग को लेकर ओबीसी महासभा मानपुर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार मानपुर को राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के नाम 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान ओबीसी महासभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में किसान एवं युवा मौजूद रहे।ज्ञापन में 9 अक्टूबर 2026 को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर द्वारा 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से संबंधित 2019 के संशोधन को असंवैधानिक घोषित किए जाने के बाद सरकार से प्रभावी कानूनी एवं विधायी पहल की मांग की गई है। महासभा ने मांग की है कि हाईकोर्ट के फैसले के विरुद्ध राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी करे तथा 27 प्रतिशत आरक्षण के लिए अद्यतन एवं प्रमाणित आंकड़ों के आधार पर नया विधायी प्रावधान तैयार किया जाए। साथ ही कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए केंद्र सरकार के स्तर पर आवश्यक पहल करने की मांग की गई। ज्ञापन में ओबीसी वर्ग के सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन तथा सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व से संबंधित वैज्ञानिक आंकड़े जुटाने, वर्ष 2019 से अब तक 27 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर हुई भर्ती परीक्षाओं, चयन सूचियों एवं नियुक्तियों की स्थिति स्पष्ट करने तथा प्रभावित अभ्यर्थियों के हित सुरक्षित रखने की मांग भी की गई है।ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हर प्रसाद पटेल, ओबीसी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विनीत जायसवाल, ओबीसी महासभा प्रदेश कार्यकारिणी सचिव प्रदीप सिंह कुशवाहा, सीनियर अधिवक्ता दरवारी लाल पटेल, रवि सेन सहित वरुण पटेल, मनोज पटेल, गया बैगा, चंद्रशेखर पटेल, लखन साहू, भोला केवट, शिवा कुशवाहा, राजबहोर पटेल, लालमणि कुशवाहा, दुर्गेश कुशवाहा, शिवप्रसाद कुशवाहा, बलराम पटेल, रमाकांत पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। ओबीसी महासभा ने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण की बहाली को लेकर लोकतांत्रिक एवं न्यायालयीन संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

कन्याओं को भोजन कराकर भेंट की सौगात

कटनी। सिविल लाईन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभभावना हाल मे शारदेय नवरात्र पर छोटी से बड़ी कन्याओ का तिलक लगाकर दुपट्टा से सम्मान सत्कार कर ईश्वरीय सौगात भेंट की गई तत्पश्चात सात्विक कन्या भोजन कराया गया । राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने कन्या भोजन का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि कन्या पूजन केवल कर्मकांड या बाहरी पूजा तक सीमित नहीं है बल्कि इसे नारी सम्मान आत्म स्मृति और दैवी गुणो को जीवन में उतारने के रूप में देखा जाता है कन्या पूजन का मूल संदेश नारी जाति का दिल से आदर करना है । सभी नवरात्रि मनाते हैं जागरण करते हैं प्रत्येक आत्मा के मन में ज्ञान की ज्योति जगाकर दैवी गुण भरकर उनके जीवन को सुखमय बनाते है । कार्यक्रम के दौरान सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर अंकिता तिवारी शबनम बहन बीके दुर्गा बहन रानी शर्मा नेहा बहन वैष्णवी बहन .प्रियंका बहन तृप्ति बहन शिल्पा बहन .मंगला माता शानू पलक मिश्रा मुस्कान मिश्रा मीना बहन खुशी सहित अन्य की उपस्थिति रही।



भक्तो के कष्ट हरने अवतरित होते है भगवान, धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शारदेय नवरात्र पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे चल रहे देवी भागवत नवाहयज्ञ कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पंडित दिलीप त्रिपाठी की मौजूदगी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का श्रवण कराया। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए।

जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी।

वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं। सायकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध, उल्लंघन पर लगेगा 15 हजार रुपये तक का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

धान सहित अन्य फसलों की कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और पर्यावरण प्रदूषण तथा अग्नि दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने जिले की संपूर्ण सीमा में फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले किसानों पर भूमि के रकबे के अनुसार 2500 रुपये से लेकर 15 हजार रुपये तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदंड लगाया जाएगा।

फसल कटाई के बाद कई किसान खेतों में बचे डंठलों एवं फसल अवशेषों (नरवाई) को आग लगाकर नष्ट करते हैं। इससे उड़ने वाली चिंगारियों के कारण आसपास के खेतों, खलिहानों एवं अन्य स्थानों पर आग लगने की आशंका बनी रहती है। नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआं निकलता है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। इसके अलावा आग से जन-धन, पशु-पक्षियों तथा खेतों एवं खलिहानों में रखी फसलों को नुकसान पहुंचने के साथ मिट्टी की उर्वरक शक्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदंड लगाया जाएगा। इसके तहत दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों पर प्रति घटना 2500 रुपये, दो एकड़ से अधिक एवं पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों पर

विकास, सेवा और जनसहभागिता से साकार होगा विकसित कटनी का संकल्प

जालपा देवी एवं वीर सावरकर वार्ड में 73 लाख विकास कार्यों की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर नगर विकास को गति देने तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा जालपा देवी एवं वीर सावरकर वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कराया गया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद डॉ रमेश सोनी, राजेश भास्कर सहित जनप्रतिनिधियों की विशेष मौजूदगी में लगभग 73 लाख रुपये से अधिक की लागत से होने वाले सड़क डामरीकरण एवं सी.सी. नाली निर्माण सहित कवरिंग कार्यों का भूमिपूजन वार्ड की कन्याओं के करकमलों से कराया जाकर वार्ड वासियों को बड़ी सौगात दी गई।

महापौर श्रीमती सूरी ने वार्ड वासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना, आस्था एवं जनकल्याण का पर्व है। मां जालपा देवी के पावन आशीर्वाद और कन्याओं के करकमलों से विकास कार्यों का भूमिपूजन होना हर्ष एवं सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का निरंतर प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर सड़कें, सुगम आवागमन और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। वार्डों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नगर के विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि कटनी शहर विकास के नए आयाम स्थापित करे और प्रत्येक क्षेत्रवासी को बेहतर नागरिक सुविधाओं का लाभ मिले।

डामरीकरण एवं कवरिंग कार्य

विकास कार्यों के अतंर्गत जालपा देवी वार्ड में लगभग 16 लाख 70 हजार रुपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर डामरीकरण एवं नाली कवरिंग कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी ने कहा कि सड़क सुधार जैसे कार्य क्षेत्रवासियों की दैनिक जरूरतों से जुड़े हैं और इनसे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलती है। वार्ड की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाना और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

वही वीर सावरकर वार्ड में लगभग 56 लाख 32 हजार रुपये की लागत से तीन विकास कार्यों का शुभारंभ भी भूमिपूजन के साथ हुआ। इनमें पुराने शंभू टॉकीज के बाजू से पुराने एवं क्षतिग्रस्त मार्ग पर लगभग 15 लाख 59 हजार रुपये की लागत से डामरीकरण कार्य, श्रीराम मंदिर मार्ग पर लगभग 22 लाख 39 हजार रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य तथा संतनगर में बजाज हॉस्पिटल के आसपास एवं गोकुलधाम कॉलोनी में निर्मित सी.सी. रोड पर लगभग 18 लाख 34 हजार रुपये की लागत से डामरीकरण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर ने सड़क सुधार एवं नाली निर्माण कार्यों क्षेत्रवासियों की दैनिक जरूरतों से जुड़ी हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से आवागमन व जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

जन-विश्वास अभियान के तहत विलायतकलां में शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में 7 अगस्त से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजित शिविरों के माध्यम से प्रशासन द्वारा शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिये अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार को मैदानी भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं।

16 अक्टूबर को बड़वारा विधानसभा के अंतर्गत विलायतकलां क्लस्टर की 11 पंचायतों विलायतकलां, पथवारी, कछारी, भुड़सा, झरेला, पनसोखर, परसेल, भजिया, बिजौरी, विलायतखुर्द, गुडाकलां के लिए पंचायत भवन विलायतकलां में शिविर आयोजित होगा। जहां क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी ने अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिकतम मामलों का निराकरण पूर्व में ही सुनिश्चित किया जाए तथा शेष प्रकरणों का समाधान शिविर स्थल पर किया जाए। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उनमें समय-सीमा निर्धारित कर आवेदकों को अवगत कराया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खबर संक्षेप



नौ स्वरूपों में सजी बालिकाएं आकर्षण का केंद्र

अनूपपुर। नवदुर्गा के नौ स्वरूपों में सजी बालिकाओं ने नगर भ्रमण कर भक्तिमय माहौल बनाया। आकर्षक वेशभूषा में सजी बालिकाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।

कलेक्टर ने की कार्रवाई



अनूपपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत पात्र बालिका को लाभ से वंचित रखने के मामले में कलेक्टर रत्नाकर झा ने कार्रवाई की है। उन्होंने लापरवाही बरतने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और संविदा पर्यवेक्षक के 10-10 दिवस के मानदेय में कटौती के आदेश जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला एवं बाल विकास परियोजना जैतहरी के सेक्टर परसवार अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र जमुडी-02 की कार्यकर्ता महेश्वरी सिंह एवं संविदा पर्यवेक्षक गायत्री गुप्ता के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। दोनों के पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही और उदासीनता के कारण पात्र बालिका अवनी गुप्ता, जन्मतिथि 1 जून 2023, योजना के प्रावधानों के तहत लाभ से वंचित रह गई थी। जबकि परिवार नियोजन से संबंधित निर्धारित समयावधि में आवश्यक शर्तों का पालन किया गया था।

डेढ़ साल बाद भी शुरू नहीं हुआ एसटीपी निर्माण, 4 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर सवाल

अनूपपुर नगर पालिका की लापरवाही

सोन, तिपान और चंदास नदी में मिल रहा शहर का गंदा पानी

आखिर कब जागेगा नगर पालिका प्रशासन?





अनूपपुर। शहर की स्वच्छता और नदियों को प्रदूषण से बचाने के दावों के बीच अनूपपुर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के गंदे पानी को उपचारित करने के लिए करीब 4 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार, इन दोनों प्लांटों के टेंडर जारी हुए करीब डेढ़ साल और वर्क ऑर्डर जारी हुए लगभग एक साल बीत चुका है, लेकिन धरातल पर निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से परियोजना की प्रगति पर सवाल उठने लगे हैं।

करोड़ों की योजना कागजों में, नदियां भुगत रही खामियाजा

एसटीपी निर्माण में हो रही देरी का सीधा असर शहर के अपशिष्ट जल के निस्तारण पर पड़ रहा है। आरोप है कि शहर का गंदा पानी बिना समुचित उपचार के सोन, तिपान और चंदास नदी में मिल रहा है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो नदियों के जल की गुणवत्ता, जलीय जीवों और आसपास के पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का मुख्य उद्देश्य गंदे पानी को वैज्ञानिक तरीके से उपचारित कर उसके प्रदूषणकारी तत्वों को कम करना है। ऐसे में जब करोड़ों रुपये की परियोजना स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण शुरू नहीं हो पाता, तो शहर के लोगों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस योजना का लाभ कब मिलेगा?

टेंडर और वर्क ऑर्डर के बाद भी काम शुरू क्यों नहीं?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब करीब डेढ़ साल पहले टेंडर जारी हो चुके थे और एक साल पहले वर्क ऑर्डर भी दिया जा चुका था, तो अब तक निर्माण कार्य शुरू क्यों नहीं हुआ? क्या निर्माण स्थल को लेकर कोई समस्या है? क्या भूमि, तकनीकी स्वीकृति या अन्य औपचारिकताएं अधूरी हैं? अथवा ठेकेदार और नगर पालिका के बीच कोई प्रशासनिक अड़चन है? इन सवालों का जवाब नगर पालिका प्रशासन को सार्वजनिक रूप से देना चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि निर्माण कार्य में देरी के लिए जिम्मेदार कौन है और परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है।

जनता के पैसों से बनने वाली योजना पर जवाबदेही जरूरी

करीब 4 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका संबंध शहर की स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से भी है। यदि समय पर एसटीपी बनकर चालू हो जाते हैं, तो शहर के गंदे पानी का उचित उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकता है। ऐसे में नगर पालिका को परियोजना की वर्तमान स्थिति, खर्च की गई राशि, निर्माण में देरी के कारणों और संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है, तो नियमानुसार जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

अब आगे क्या करेगा नगर पालिका प्रशासन?

अनूपपुर की जनता को अब आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई और स्पष्ट समय-सीमा चाहिए। नगर पालिका प्रशासन को बताना चाहिए कि दोनों एसटीपी का निर्माण कब शुरू होगा, कब तक पूरा किया जाएगा और तब तक शहर के गंदे पानी को नदियों में जाने से रोकने के लिए क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। सबसे बड़ा सवाल यही है जब करीब 4 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं, तो निर्माण कार्य अब तक शुरू क्यों नहीं हुआ? सोन, तिपान और चंदास नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए अब देरी के कारणों का खुलासा और समयबद्ध कार्रवाई जरूरी है।

सरकारी फेसबुक पेज पर भाजपा का चुनाव चिह्न दिखने पर विवाद, युवा कांग्रेस ने मांगा निलंबन

सरकारी फेसबुक पेज पर भाजपा का चुनाव चिह्न दिखने पर विवाद, युवा कांग्रेस ने मांगा निलंबन अमरकंटक नगर परिषद के पोस्ट पर कमल का फूल प्रदर्शित होने का मामला गरमाया एसडीएम को ज्ञापन सौंप निष्पक्ष जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग



अमरकंटक। नगर परिषद अमरकंटक के आधिकारिक फेसबुक पेज पर स्वच्छता अभियान से संबंधित पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिह्न कमल का फूल प्रदर्शित होने का मामला विवादों में आ गया है। इस मामले को लेकर युवा कांग्रेस विधानसभा पुष्पराजगढ़ ने आपत्ति जताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश तंबोली (बिरू) ने अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) पुष्पराजगढ़ को ज्ञापन सौंपकर सरकारी सोशल मीडिया मंच के उपयोग को लेकर सवाल उठाए हैं। युवा कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा है कि नगर परिषद का आधिकारिक सोशल मीडिया पेज शासकीय गतिविधियों, जनहितकारी योजनाओं और नागरिकों तक आवश्यक सूचनाएं पहुंचाने का माध्यम है। ऐसे में स्वच्छता अभियान से संबंधित पोस्ट में किसी राजनीतिक दल का चुनाव चिह्न दिखाई देना जांच का विषय है। संगठन ने सवाल उठाया कि सरकारी सोशल मीडिया पेज पर प्रकाशित सामग्री की निगरानी और उसके सत्यापन की जिम्मेदारी किसकी है तथा पोस्ट जारी करने से पहले निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया था या नहीं। युवा कांग्रेस ने संबंधित पोस्ट और उसके स्क्रीनशॉट की जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की है कि पोस्ट में चुनाव चिह्न किस परिस्थिति में प्रदर्शित हुआ। साथ ही, यह भी पता लगाया जाए कि इसके पीछे किसी कर्मचारी की लापरवाही थी या सरकारी मंच का उपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए किया गया। हालांकि, इन बिंदुओं पर वास्तविक स्थिति निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। ज्ञापन में संबंधित पोस्ट प्रकाशित करने वाले कर्मचारी की पहचान कर मामले की जांच कराने की मांग की गई है। युवा कांग्रेस का कहना है कि यदि जांच में सरकारी सोशल मीडिया पेज का राजनीतिक प्रचार के लिए उपयोग अथवा नियमों का उल्लंघन प्रमाणित होता है, तो संबंधित कर्मचारी को जांच पूरी होने तक निलंबित करते हुए नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। संगठन ने प्रशासन से की गई कार्रवाई की जानकारी लिखित रूप में उपलब्ध कराने की मांग भी की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को तथा अनूपपुर जिला कलेक्टर को भी सूचना के लिए भेजी गई है। नगर परिषद के आधिकारिक पेज पर प्रकाशित पोस्ट को लेकर उठे सवालों के बीच अब प्रशासन की जांच और कार्रवाई पर नजर रहेगी। मामले में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि चुनाव चिह्न पोस्ट में किस प्रकार शामिल हुआ और इसकी जिम्मेदारी किस स्तर पर तय होती है। सरकारी संचार माध्यमों की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए तथ्यों के आधार पर जांच और नियमानुसार कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अमरकंटक नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सीतेश सारीवान, खिलेश्वर दुबे, दुष्यंत उईके सहित अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

बिजली कर्मचारियों का आंदोलन तेज, आज प्रदेश के सभी 56 जिलों में धरना

आउटसोर्स कर्मियों को संविदा का दर्जा, भर्ती में 50 प्रतिशत छूट और जोखिम भत्ता बढ़ाने की मांग 26 अक्टूबर को भोपाल में प्रदर्शन, 3 नवंबर से प्रदेशव्यापी हड़ताल की चेतावनी





अनूपपुर। मध्यप्रदेश के विद्युत विभाग और विद्युत उत्पादन कंपनियों में कार्यरत नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी संगठनों ने आंदोलन तेज कर दिया है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई सहित प्रदेशभर के विद्युत संयंत्रों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध तीन संगठनों ने संयुक्त मंच बनाकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया है। आंदोलन के दूसरे चरण में शुक्रवार को प्रदेश के सभी 56 जिलों में धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का निराकरण नहीं किया गया, तो 26 अक्टूबर को भोपाल में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा और इसके बाद 3 नवंबर से प्रदेशव्यापी हड़ताल का रास्ता अपनाया जा सकता है। कर्मचारी संगठनों के इस आंदोलन में मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ, पावर इंजीनियर्स एंड एम्प्लॉइज एसोसिएशन तथा बाह्य स्रोत विद्युत कर्मचारी संघ शामिल हैं। संयुक्त मंच का कहना है कि नियमित, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों की अलग-अलग समस्याओं के समाधान के लिए लंबे समय से मांगें उठाई जा रही हैं। अब इन मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी स्तर पर एकजुट होकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार का धरना इसी आंदोलन की अगली कड़ी है, जिसके माध्यम से सरकार तक कर्मचारियों की मांगें पहुंचाई जाएंगी।

घोषणा पत्र के वादे के अनुरूप संविदा का दर्जा देने की मांग

आंदोलन का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा आउटसोर्स कर्मचारियों को संविदा का दर्जा देने से जुड़ा है। संगठनों की मांग है कि भाजपा के घोषणा पत्र में किए गए वादे के अनुरूप आउटसोर्स कर्मचारियों को संविदा कर्मचारी घोषित किया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि विद्युत व्यवस्था में नियमित कर्मचारियों के साथ आउटसोर्स कर्मी भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं, इसलिए उनकी सेवा संबंधी समस्याओं का समाधान और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। संयुक्त मंच ने नियमित भर्ती में आउटसोर्स कर्मचारियों को 50 प्रतिशत छूट देने तथा बोनस अंक प्रदान करने की मांग भी उठाई है। संगठन चाहते हैं कि लंबे समय से विद्युत कंपनियों में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को भर्ती प्रक्रिया में उचित अवसर मिले। इन मांगों को 20 सूत्रीय मांगपत्र का प्रमुख हिस्सा बताया गया है।

जोखिम भत्ता 1,000 से बढ़ाकर 3,000 रुपये करने की मांग

विद्युत क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा और जोखिम से जुड़े मुद्दे भी आंदोलन के केंद्र में हैं। संगठनों ने जोखिम भत्ते को वर्तमान 1,000 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये करने की मांग की है। साथ ही यह व्यवस्था विद्युत उत्पादन कंपनी में भी लागू करने की मांग रखी गई है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई जैसे उत्पादन केंद्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सेवा संबंधी सुविधाएं, वेतन और जोखिम भत्ता महत्वपूर्ण विषय हैं। ऐसे में संगठन चाहते हैं कि उनकी मांगों पर सरकार और संबंधित प्रबंधन गंभीरता से विचार करें। हालांकि, इन मांगों पर अंतिम निर्णय सरकार और संबंधित प्रबंधन को लेना है।

मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद भी आंदोलन जारी

भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर श्रमिकों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा की है। इसके बावजूद मांगों के निराकरण को लेकर संयुक्त मंच ने आंदोलन के अगले चरणों की घोषणा की है। संगठनों ने 12 अक्टूबर को आंदोलन संबंधी सूचना लिखित रूप में प्रबंधन को सौंप दी थी। जिले में शासन-प्रशासन को भी आंदोलन की जानकारी दी गई है। अब शुक्रवार को सभी 56 जिलों में होने वाले धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों पर कार्रवाई की अपेक्षा की जाएगी। इसके बाद आंदोलन के तीसरे चरण में 26 अक्टूबर को भोपाल के भेल स्थित दशहरा मैदान में प्रदेशभर के नियमित, संविदा और आउटसोर्स अधिकारी-कर्मचारी एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे।

3 नवंबर से हड़ताल की चेतावनी, सरकार के फैसले पर नजर

संयुक्त मंच ने स्पष्ट किया है कि यदि 26 अक्टूबर के प्रदर्शन के बाद भी मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती है, तो 3 नवंबर को भोपाल में बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इसके बाद प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी गई है। आंदोलन की घोषणा से विद्युत क्षेत्र में कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच लंबित मांगों को लेकर बातचीत तथा समाधान की आवश्यकता फिर सामने आई है। आने वाले दिनों में सरकार और संबंधित प्रबंधन की ओर से क्या कदम उठाए जाते हैं, इस पर कर्मचारियों की नजर रहेगी। मांगों का समाधान नहीं होने की स्थिति में आंदोलन के और व्यापक होने की संभावना जताई जा रही है। उक्त जानकारी मध्यप्रदेश विद्युत अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मंच, शाखा चचाई के सतेन्द्र पाटकर एवं सुनेन्द्र प्रकाश शुक्ला ने दी।

11 केवी बिजली तार चोरी में लंबे समय से फरार आरोपी गिरफ्तार, जैतहरी पुलिस की कार्रवाई

3.36 किलोमीटर तार चोरी से विद्युत कंपनी को हुआ था 60 हजार रुपये का नुकसान



अनूपपुर। जैतहरी थाना क्षेत्र में शासकीय विद्युत लाइन के तार चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी बहादुर बसोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी 15 अक्टूबर को फुनगा से की गई। पुलिस ने उसे न्यायालय अनूपपुर के समक्ष पेश किया है। इस प्रकरण में पुलिस पूर्व में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के विद्युत तार बरामद करने के साथ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर चुकी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 जुलाई को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जैतहरी में आउटसोर्स कर्मचारी दुर्गेश राठौर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि ग्राम टकहुली और महुदा छकड़िया टोला में 11 केवी विद्युत लाइन के तार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काटकर चोरी कर लिए गए हैं। घटना में कुल 3.36 किलोमीटर विद्युत तार चोरी होने से कंपनी को लगभग 60 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई थी। शिकायत के आधार पर जैतहरी पुलिस ने अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) और मध्यप्रदेश विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत मामला जांच में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त रामजी राठौर, शुभम उर्फ शिवम राठौर, मनोज उर्फ नानदाउ राठौर, वीरेन्द्र सिंह राठौर, अरविन्द गुप्ता और राहुल अग्रहरि को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ चोरी के विद्युत तार बरामद किए गए तथा घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त की गई थी। मामले में बहादुर बसोर पिता शोहित बसोर, उम्र 33 वर्ष, निवासी मौहार टोला, वार्ड क्रमांक 11, फुनगा, जिला अनूपपुर लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। निरंतर पतासाजी के बाद पुलिस टीम ने उसे 15 अक्टूबर को फुनगा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, प्रकरण में पूर्व में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है और मामला विचाराधीन है। गिरफ्तार आरोपी को भी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), अनूपपुर के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गोकुलानंद पाण्डेय, उपनिरीक्षक अमरलाल यादव, सहायक उपनिरीक्षक श्याम शुक्ला, प्रधान आरक्षक मनोज सिंह, प्रधान आरक्षक विजयनंद पाण्डेय, प्रधान आरक्षक राजेंद्र अहिरवार, प्रधान आरक्षक पंकज मिश्रा और आरक्षक नरेंद्र जाट की सराहनीय भूमिका रही।

अनूपपुर मुख्यालय पर नई जनपद पंचायत बनाने का प्रस्ताव

जैतहरी जनपद पंचायत के पुनर्गठन की मांग अध्यक्ष राजीव सिंह ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

अनूपपुर।

जनपद पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह ने जनपद पंचायत जैतहरी और जनपद पंचायत अनूपपुर की ग्राम पंचायतों का पुनर्सीमांकन कर अनूपपुर मुख्यालय पर नई जनपद पंचायत गठित करने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने 15 अक्टूबर को कलेक्टर अनूपपुर को पत्र सौंपकर प्रस्तावित परिसीमन में क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखने का अनुरोध किया है।



पत्र में उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश में परिसीमन आयोग के गठन के बाद ब्लॉक और जनपद पंचायतों का नए सिरे से परिसीमन प्रस्तावित है। इसी क्रम में जनपद पंचायत अनूपपुर का मुख्यालय अनूपपुर में स्थापित करने की आवश्यकता बताई गई है। प्रस्ताव के अनुसार, जनपद पंचायत जैतहरी की 36 ग्राम पंचायतों और जनपद पंचायत अनूपपुर की 6 ग्राम पंचायतों को मिलाकर कुल 42 ग्राम पंचायतों के साथ एक नगर पालिका और एक नगर परिषद को शामिल कर नई जनपद पंचायत के गठन की मांग की गई है। जनपद पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि अनूपपुर मुख्यालय पर जनपद पंचायत का गठन होने से ग्रामीणों, पंचों, सरपंचों और जनपद पंचायत सदस्यों को शासकीय कार्यों के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी। प्रस्तावित क्षेत्र के लोगों को बैंक, तहसील, न्यायालय, कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत सहित अन्य शासकीय कार्यालयों तक पहुंचने में भी सहूलियत होगी। इससे समय की बचत के साथ आवागमन पर होने वाले खर्च में कमी आने की उम्मीद जताई गई है। प्रस्ताव में नगर पालिका परिषद अनूपपुर और नगर परिषद बरगवां-देवहरा को शामिल करने की बात कही गई है। इसके साथ जनपद पंचायत जैतहरी की ग्राम पंचायत हर्री, बर्री, सेंटुरी, छुलहा, दुलहरा, पिपरिया और कांसा सहित कुल 36 ग्राम पंचायतों तथा जनपद पंचायत अनूपपुर की देवरी, कदमटोला, देवल, बरगहनी, छिलपा और अमलाई ग्राम पंचायतों को शामिल करने का प्रस्ताव है। जनपद पंचायत जैतहरी अध्यक्ष राजीव सिंह ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि प्रस्तावित परिसीमन के दौरान क्षेत्र की जनभावनाओं और प्रशासनिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए जनपद पंचायत अनूपपुर के गठन की मांग को परिसीमन आयोग तक पहुंचाया जाए। अब इस मांग पर प्रशासन और परिसीमन आयोग के स्तर पर होने वाली कार्रवाई पर क्षेत्रवासियों की नजर रहेगी।